**परेशानी** व्यापारियों, ग्राहकों और राहगीरों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ रहा

# खजांची चौक जाम की गिरफ्त में, पार्किंग बनी नई मुसीबत

**नवभारत, जबलपुर।** शहर के सबसे व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्रों में शामिल खजांची चौक आज भी रोजाना जाम की समस्या से जूझ रहा है। सड़क किनारे बेतरतीब पार्किंग और अव्यवस्थित यातायात के कारण व्यापारियों, ग्राहकों और राहगीरों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहाँ पार्किंग की स्थायी व्यवस्था नहीं होने से जाम की समस्या आए दिन बनी रहती है।

व्यापारियों के अनुसार यहाँ पहले सड़क के बीचों बीच बड़ी संख्या में ठेले लगने से पूरे क्षेत्र में दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती थी। सड़क की चौड़ाई कम हो जाने के कारण यहाँ आने वाले ग्राहकों का बाजार तक पहुंचना मुश्किल हो जाता था जिससे व्यापार भी प्रभावित होता था। कई बार एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों को भी रास्ता बनाने में कठिनाई होती थी। इस समस्या के समाधान के लिए करीब पांच साल पहले व्यापारी संघ ने स्वयं पहल करते हुए अपने खर्च पर सड़क के बीचों बीच रेलिंग लगवाई। इस व्यवस्था के बाद यहाँ ठेलों का अतिक्रमण काफी हद तक समाप्त हुआ और बाजार की यातायात व्यवस्था में काफी सुधार देखने को मिला।

### अब पार्किंग बनी सबसे बड़ी चुनौती

व्यापारियों का कहना है कि वर्तमान में सबसे बड़ी समस्या अनियोजित पार्किंग की है। दोपहिया और चारपहिया वाहन सड़क किनारे खड़े होने से मार्ग फिर संकरा हो जाता है और व्यस्त समय में जाम की स्थिति बन जाती है। इससे ग्राहकों को बाजार तक पहुंचने में परेशानी होती है, जिसका असर कारोबार पर भी पड़ रहा है।

### अस्थायी कार्रवाई से मिलती है राहत

व्यापारियों के अनुसार ट्रैफिक पुलिस समय-समय पर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाती है और यातायात को व्यवस्थित करती है। कार्रवाई के दौरान कुछ समय के लिए स्थिति सामान्य हो जाती है, लेकिन अभियान समाप्त होते ही सड़क किनारे फिर वाहन खड़े होने लगते हैं और अव्यवस्था लौट आती है। उनका कहना है कि नियमित निगरानी और प्रभावी पार्किंग प्रबंधन के बिना समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है।

### स्थायी व्यवस्था की मांग तेज

व्यापारी संघ ने प्रशासन से मांग की है कि बाजार क्षेत्र में दोपहिया वाहनों के लिए अलग पार्किंग स्थल विकसित किया जाए, अवैध पार्किंग पर सख्ती से नियंत्रण रखा जाए और नियमित ट्रैफिक मॉनिटरिंग की व्यवस्था की जाए। व्यापारियों का मानना है की इससे बाजार की यातायात व्यवस्था सुचारु होगी, ग्राहकों की आवाजाही आसान बनेगी और व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

### इनका कहना है

करीब चार-पांच साल पहले व्यापारी संघ ने अपने खर्च से रेलिंग लगवाई थी। पहले सड़क किनारे बड़ी संख्या में ठेले लगते थे, जिससे हर समय जाम की स्थिति बनी रहती थी। रेलिंग लगने के बाद अतिक्रमण काफी हद तक समाप्त हुआ है, लेकिन अब सबसे बड़ी समस्या पार्किंग की है। प्रशासन को इसका स्थायी समाधान करना चाहिए।

**आनंद जैन**
**स्थानीय व्यापारी**

ट्रैफिक पुलिस समय-समय पर कार्रवाई कर व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास करती है, जिससे कुछ समय के लिए राहत मिलती है।लेकिन बाजार के लिए स्थायी पार्किंग व्यवस्था विकसित की आवश्यकता है, ताकि व्यापारियों और ग्राहकों दोनों को सुविधा मिल सके और खजांची चौक जाम की समस्या से स्थायी रूप से मुक्त हो सके।

**हरिलाल**
**स्थानीय दुकानदार**

# निगरानी बदमाश की चाकू से गोदकर हत्या

**त्रिमूर्ति नगर में वारदात छानबीन में जुटी पुलिस**

**नवभारत,जबलपुर।** गोहलपुर थाना अंतर्गत त्रिमूर्ति नगर में बुधवार शाम एक निगरानी बदमाश की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए । सूचना मिलते ही पुलिस, एफएफएसएल टीम मौका-ए -वारदात पर पहुंच गई और छानबीन में जुट गई। हत्या किसने और किन कारणों से की है। इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है।

गोहलपुर थाना प्रभारी रीतेश पांडेय ने बताया कियशवंत ठाकुर 30 वर्षीय निवासी करमेता का रहने वाला था और माढ़ोताल थाने का निगरानी बदमाश भी था जिसके खिलाफ कई अपराध दर्ज है। बुधवार को वह घर से निकला था। शाम को त्रिमूर्ति नगर, गोहलपुर में किसी अज्ञात हमलावर ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। मृतक के शरीर में सात से आठ गंभीर निशान पाए गए है। सूचना मिलते ही पुलिस मौका-ए-वारदात पर पहुंच गई थी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही गोहलपुर पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे थे। पुलिस, एफएफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए है। हत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं हो चल पाया है। पुलिस आपसी रंजिश, लेन-देन और पुरानी दुश्मनी समेत तमाम बिंदुओं को ध्यान में रखकर हर एंगल से मामले की बारीकी से जांच कर रही है। आस-पास के लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं ताकि आरोपियों का सुराग लगाया जा सके। सूत्रों के मुताबिक तीन संदेहियों को पुलिस ने चिहिन्त कर लिया है जिसकी तलाश की जा रही है। परिजनों के बयान भी दर्ज किए जा रहे है।

# कलेक्टर ने लिया कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जायजा

**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने आगामी 10 अगस्त को गौरीघाट से कैलाशधाम तक निकलने वाली कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए यात्रा मार्ग एवं खमरिया मटामर स्थित कैलाशधाम का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार, अपर कलेक्टर रविशंकर राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष जाखड़, एसडीएम अभिषेक सिंह, सृष्टि प्रजापति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने यात्रा मार्ग पर जर्जर सड़क का सुधार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कैलाशधाम में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करनेए कांवड़ियों के दर्शन के लिए पहुंच एवं निकासी मार्ग बनाने, बढ़ती भीड़ के मद्देनजर आवश्यक बैरिकेडिंग करने तथा कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान आवश्यकता पड़ने पर श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं ताकि यात्रा सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। इस दौरान कांवड़ यात्रा आयोजक समिति के शिव यादव सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## शहर के दो प्रमुख चौराहों का किया गया नामकरण

**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज के प्रयासों से शहर के दो चौराहों का नामकरण किया गया है। रिकुंज विज ने कहा कि साहित्यकारों एवं महान विभूतियों के नाम पर सार्वजनिक स्थलों का नामकरण नई पीढ़ी को उनके आदर्शों एवं योगदान से परिचित कराने का सशक्त माध्यम है। जिसको दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्र कवि प्रतिमा स्थल राईट टाउन चौराहे का नामकरण राष्ट्र कवि डॉ. मैथिलीशरण गुप्त (कनकने) के नाम से एवं आर.टी.ओ. ऑफिस के पीछे मानस बिहार कॉलोनी के मुख्य चौक का नामकरण मानस चौक-लमती किये जाने हेतु सदन बैठक की पूर्व प्रत्याशा में स्वीकृति प्रदान की गई। उपरोक्त दोनों प्रस्ताव मेयर-इन-काउंसिल की बैठक दिनांक 3 जुलाई को पारित किए जा चुके हैं।

# पांच साल की मासूम को डिण्डोरी की महिला ने किया किडनैप

**पुलिस हुई अलर्ट: महिला को दबोचा, बालिका को परिजनों के सुपुर्द किया**

**नवभारत, जबलपुर।** ग्वारीघाट से डिंडौरी निवासी महिला ने पांच साल की मासूम का अपहरण कर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस अलर्ट हुई और त्वरित कार्यवाही करते हुये अपहरण कर ले जायी जा रही 5 वर्षीय बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। अपहरण करने वाली आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार 30 वर्ष युवक निवासी लाल कुआं कालीमाता मंदिर के पास ग्वारीघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कि वह एवं उसकी पत्नि बेलदारी का काम करते है पिछले 3 दिन से वह अकेले काम करने जा रहा था, पत्नि व बच्चे घर पर रह रहे थे। पत्नि शाम को हर दिन खाना खाने ग्वारीघाट जाती थी जहां पत्नि की पहचान सुमन यादव नाम की महिला के साथ हो गयी थी। 4 अगस्त को पत्नि भण्डारा खाने के बाद घर पर सोने के लिये सुमन नामक महिला को ले आयी थी। रात लगभग 12:7 बजे वह उठा तो देखा कि उसकी 5 वर्षीय बेटी एवं सुमन घर पर नहीं थी, उसने पत्नि को जगाया, देखा कि घर का दरवाजा बाहर से लगा हुआ था उसने हाथ डालकर बाहर से लगा दरवाजा खोला।

दौडकर मेन रोड पहुंचा तो देखा सुमन नामक महिला बिना बताये उसकी 5 वर्षिय बालिका को लेकर भाग गयी थी।

**कंट्रोल रूम से दौड़ा मैसेज, सक्रिय हुई पुलिस, फुटेज से लगा सुराग**

कन्ट्रोल रूम जबलपुर द्वारा वायरलैस सैट के जरिए से शहर देहात के सभी थानों को घटना की जानकारी देते हुये तलाश पतासाजी के लिए बताया गया। ग्वारीघाट पुलिस द्वारा तत्काल सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गये मिले फुटेज में सुमन बच्ची को स्टेशन की तरफ ले जाते दिखी, मेन रेल्वे स्टेशन मं तलाश करने पर प्लेटफ्फर्म न0. 6 के पास 5 वर्षिय बालिका सुमन नामक की महिला के साथ मिली। सुमन 5 वर्षिय बालिका का अपहरण कर ले जा रही थी। प्रभारी ग्वारीघाट कन्हैया बघेल ने बताया कि पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस का अपराध दर्ज कर कर आरोपी सुमन यादव 30 वर्ष निवासी डिण्डोरी शहपुरा को अभिरक्षा में लेते हुये विवेचना में लिया गया जिससे पूछताछ की जा रही है। महिला ने अपहरण किन कारणों से किया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस पूछताछ कर छानबीन कर रही है।

## एक नजर में

### 12 मिनट में 1.56 लाख साफ असिस्टेंट मैनेजर का परिवार साइबर ठगी का शिकार

**नवभारत, जबलपुर।** शातिर साइबर ठग ने महज 12 मिनट के भीतर असिस्टेंट मैनेजर समेत परिवार के बैंक खातों में सेंध लगाकर 1,56,123 पार कर दिए। पुलिस के अनुसार, चंदन कॉलोनी पनागर निवासी शेष नारायण सोनी (45) एपीएआर इंडस्ट्रीज लिमिटेड में असिस्टेंट मैनेजर हैं। अज्ञात जालसाज ने उनके परिवार को निशाना बनाया। असिस्टेंट मैनेजर की पत्नी नेहा सोनी के खाते से चलने वाले गूगल पे के मोबाइल नम्बर से उसकी मॉ सकुन सोनी के बैंक आफ इंडिया के खाता से लिंक गूगल पे के मोबाइल नम्बर पर 30 हजार रूपये किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आनलाईन ट्रांजेक्शन किये गये एवं मॉ सकुन सोनी के खाते से कुल 60 हजार रूपये निकाल लिये गये इसके अलावा उसके आईसीआईसीआई बैंक के खाता से 96 हजार 123 रूपये उड़ा दिए।

### प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने की थी खुदकुशी

**जबलपुर ।** चरगवां थाना अंतर्गत पिपरिया निवासी एक महिला ने दहेज प्रताड़ना से तंग आकर 24 जून को आत्महत्या की थी। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने पति, सास एवं ससुर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। नगर पुलिस अधीक्षक बरगी अंजुल अयंक मिश्रा ने बताया कि चरगवां थाने में 24 जून को सुशील यादव 27 वर्ष निवासी बेनीसिंह पिपरिया ने सूचना दी थी कि वह खेती किसानी करता है। उसकी शादी लगभग तीन वर्ष पहले नेहा यादव 23 वर्ष निवासी सैलवाडा तेन्दूखेडा दमोह से हुई थी। उसकी पत्नि नेह के पेट में 2 वर्ष से दर्द रहता था जिसकी दवा चल रही थी। रात लगभग 12-30 बजे पत्नि नेहा के पेट मे तेज दर्द हो रहो था, नेहा ने डाक्टर द्वारा दी गयी दवाई खायी लेकिन आराम नहीं लगा, पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मर्ग जांच के दौरान यह बात सामने आई कि नेहा के पति सुशील यादव, सास कैलाश बाई, ससुर भगवानदास यादव द्वारा लगभग 4 माह पूर्व से नेहा यादव से काम धंधा के लिये 50 हजार रूपये की मांग कर आये दिन नेहा को प्रताड़ित कर रहे थे।

# केस वापस नहीं लिया तो गोलियों से भून देंगे...

**रिपोर्ट दर्ज कराने से बौलखाएं बदमाशों ने धमकाया**

**नवभारत, जबलपुर।** रिपोर्ट दर्ज कराने से बौखलाएं बदमाशों ने देर रात सरेराह पीड़ित परिवार को गोलियों से भून देंने की धमकी दे डाली। खौफजदा पीड़ित परिवार ने ओमती थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक नया मोहल्ला इस्लाह उद्दीन उर्फ पापू (47) ने 28 जुलाई 2026 की रात करीब 8:30 बजे उनके बेटे वकारुद्दीन उर्फ अरहान और उसके दोस्त शेख कामिल के साथ मोहम्मद जैद और उसके भाई अब्दुल अहद समद ने बेरहमी से मारपीट की थी। पीड़ित बेटे ने ओमती थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ धारा 296ए, 118(1), 115(2), 351(2), 3(5) के तहत मामला दर्ज कराया था। बीती रात करीब 1 बजे इस्लाह परिवार के साथ मशीन वाले बाबा की दरगाह के सामने खड़ा था, तभी बाइक पर सवार होकर शेखू कलकत्ता चश्मे वाला अपने साथी गुल्मीर के साथ वहां धमक चमका। आरोपियों ने सरेराह पीड़ित और उनके परिवार से रिपोर्ट दर्ज कराने की बात पर विवाद शुरू कर दिया। आरोपी शेखू ने पीड़ित को धमकाते हुए चीखकर कहा, तूने हमारे लोगों के खिलाफ एफआईआर कैसे करा दी अगर यह एफआईआर वापस नहीं ली, तो तुझे और तेरे पूरे परिवार को गोली मारकर जान से खत्म कर देंगे। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी बाइक से फरार हो गए। जानलेवा धमकी से पीड़ित परिवार बुरी तरह सहम गया और डर के मारे सीधे अपने घर लौट गया। बाद में पीड़ित ने ओमती थाने पहुंकर लिखित शिकायत दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

## 676 कोचों और वैगनों की ओवरहॉलिंग की गई

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल के भोपाल स्थित कोच रिहैबिलिटेशन वर्कशॉप (सीआरडब्ल्यूएस) और कोटा स्थित वैगन रिपेयर शॉप (डब्ल्यूआरएस) में कोचों और वैगनों के अनुरक्षण कार्य लगातार उच्च गुणवत्ता के साथ किए जा रहे हैं। रेलवे के अनुसार जुलाई 2026 के दौरान दोनों कारखानों में कुल 676 कोचों और वैगनों की पीरियोडिक ओवरहॉलिंग (पीओएच) की गई, जिसमें भोपाल वर्कशॉप में 86 कोच तथा कोटा वर्कशॉप में 590 वैगनों का अनुरक्षण किया गया।

# स्कूल छात्रा का अपहरण कर होटल में किया दुष्कर्म

**नवभारत, जबलपुर।** माढ़ोताल थाना क्षेत्र में एक निजी स्कूल की छात्रा का अपहरण कर उसके ही दोस्त द्वारा होटल में दुष्कर्म किया गया। दरिंदगी के बाद छात्रा की हालत बिगड़ने पर मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है ।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, माढ़ोताल क्षेत्र की रहने वाली 17 वर्षीय बालिका एक निजी स्कूल में 12 वीं कक्षा की छात्रा है। मदर टेरसा नगर निवासी नीलेश चौबे से उसक जान-पहचान थी। दोनों के बीचदोस्ती के बाद बातचीत होने लगी थी। जिसका किशोरी के घर पर भी आना जाना था दोनों अक्सर घूमने-फिरने जाया करते थे। छात्रा मंगलवार को घर से स्कूल गई थी।

स्कूल के बाहर नीलेश मिला और किशोरी को बहला-फुसालकर जबरन डरा-धमकाकर उसे अपने साथ ले गया इसके बाद वह उसे एआर कैफे एंड रेस्टोरेंट ले गया जहां किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान छात्रा को रक्तस्त्राव होने लगा। उसका स्वास्थ्य बिगड़ने लगा। इसके बाद आरोपी उसे स्कूल गेट के बाहर छोड़कर भाग गया।

जब समय पर किशोरी घर नहीं पहुंची, तो परिजन चिंतित हो गए और स्कूल पहुंचे तो किशोरी बाहर मिली जिसने आपबीती परिजनों को बताई। जिसके बाद मामला थाने पहुंचा। पुलिस ने बिना वक्त गंवाए पीड़िता को अस्पताल भिजवाया साथ ही प्रकरण दर्ज करते हुए घेराबंदी कर आरोपी निलेश चौबे को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस होटल प्रबंधन से भी पूछताछ कर रही है और मामले की विस्तृत छानबीन जारी है।

# महिला आयोग की संयुक्त जनसुनवाई में सामने आए 26 प्रकरण

**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा जबलपुर संभाग के सर्किट हाउस क्रमांक 2 में आयोजित संयुक्त जनसुनवाई के दूसरे दिन बुधवार को अध्यक्ष, सदस्य एवं सचिव की उपस्थिति में कुल 26 प्रकरणों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान आवेदक एवं अनावेदक उपस्थित होकर अपने .अपने पक्ष आयोग के समक्ष प्रस्तुत किए। सुनवाई के बाद 6 प्रकरणों का निराकरण कर उन्हें नस्तीबद्ध किया गया। वहीं एक महिला प्रताड़ना संबंधी प्रकरण में पीड़िता को पेंशन संबंधी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विभाग से अभिलेख प्राप्त कर अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। एक पारिवारिक विवाद संबंधी प्रकरण में आयोग द्वारा दोनों पक्षों की समझाइश एवं काउंसलिंग की गई। दोनों पक्ष आपसी सहमति से विवाद समाप्त करने पर सहमत हुए तथा उन्होंने आयोग के समक्ष भविष्य में किसी प्रकार की वैधानिक कार्यवाही नहीं चाहने की सहमति व्यक्त की।

## घर के हॉल में जिंदा जली बुजुर्ग महिला, अस्पताल में तोड़ा दम

**नवभारत, जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत ग्राम सिमरा खिरिया में एक घर के हॉल में बुजुर्ग महिला रहस्यमयी परिस्थितियों में आग से बुरी तरह झुलस गई। अस्पताल में उपचार के दौरान महिला ने दम तो ड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस के मुताबिक, कोतवाली वसुंधरा कॉलोनी निवासी मिथुन पटेल (37) ने बताया कि उनकी नानी सावित्री बाई पटेल (70) ग्राम सिमरा खिरिया में रहती थीं। बीती रात करीब 11:30 बजे अचानक वह अपने घर के बाहरी हॉल में गंभीर रूप से जली हुई अवस्था में पाई गईं। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे नाना राम सिंह पटेल ने आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए भर्ती कराया। बुजुर्ग महिला को गंभीर हालत में कठौंदा मोड़, कटंगी बायपास स्थित अस्पताल ले जाया गया था। डॉक्टर की तमाम कोशिशों के बावजूद उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ और इलाज के दौरान सावित्री बाई पटेल की मौत हो गई। पनागर पुलिस ने मर्ग दर्ज कर लिया है। क्या यह कोई हादसा था या इसके पीछे कोई और वजह है, हर एंगल से जांच की जा रही है।

**बैठक** निगमायुक्त ने समीक्षा बैठक कर ली जानकारी

# योजनाओं का हितग्राहियों तक पहुंचाया जाए लाभ : निगमायुक्त

**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन की पहल पर नगर निगम द्वारा शहर के नागरिकों को सुलभ और त्वरित नागरिक सेवाएं प्रदान करने तथा शहर के सौंदर्य एवं व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर कार्य शुरू किए गए हैं। इसी कड़ी में 7 अगस्त को पनागर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संभाग क्रमांक 15 सुहागी क्षेत्र में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने समीक्षा बैठक कर तैयारियों की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ हितग्राहियों तक पहुँचाया जाए।

### एक ही छत के नीचे मिलेंगीं अनेक सुविधाएं

बैठक के दौरान निगमायुक्त ने बताया कि इस विशेष जन विश्वास शिविर में नागरिकों को अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान मिलेगें। शिविर में मुख्य रूप से विभिन्न सेवाएं एवं सुविधाएं तुरंत उपलब्ध कराई जाएंगी जिसमें पी.एम. स्वनिधि योजना, संबल योजना, क्रेडिट कार्ड, नल कनेक्शन, आवासीय परियोजना, जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र, विवाहर पंजीयन प्रमाण-पत्र, बाजार लायसेंस, फायर एन.ओ.सी., भवन अनुज्ञा, विद्युत व्यवस्था, सी.एम. हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण के साथ केन्द्र एवं राज्य शासन की सभी हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मिलेगा।

### सभी संभागीय अधिकारी रहें फील्ड पर

निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने निर्देश दिये हैं कि सभी विभागीय प्रमुख और संभागीय अधिकारी स्वयं फील्ड में उपस्थित रहकर कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस दौरान सी.एम. हेल्पलाइन के प्रकरणों के समय-सीमा के भीतर निराकरण को प्राथमिकता दी गई है। साथ ही, शहर के सभी उद्यानों को सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की दिशा में भी तेजी से कार्य करने के निगमायुक्त द्वारा निर्देश दिए गए हैं। बैठक में अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चौहान, व्ही.एन. बाजपेयी, सौरभ मिश्रा, अशफाक परवेज कुरैशी, मनोज श्रीवास्तव,अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त अंकिता जैन, शिवांगी महाजन के साथ सभी विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

# सरकार प्रत्यक्ष छात्रसंघ चुनाव सुनिश्चित करें : एनएसयूआई

**पत्रकारवार्ता में एनएसयूआई ने रखी अपनी बातें**

**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई), जिला जबलपुर द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा छात्रसंघ चुनाव संबंधी जनहित याचिका पर दिए गए ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हुए इसे प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों के लोकतांत्रिक अधिकारों की महत्वपूर्ण जीत बताया गया। जिला अध्यक्ष सचिन रजक ने कहा कि लगभग नौ वर्षों से मध्यप्रदेश में छात्रसंघ चुनाव न होना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए दुर्भाग्यपूर्ण था। विद्यार्थियों को उनके वैधानिक प्रतिनिधित्व से वंचित रखा गया, जिसके विरुद्ध एनएसयूआई के छात्रनेता अदनान अंसारी द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए माननीय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य शासन को सितंबर 2026 में छात्रसंघ गठन की प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। यह निर्णय विद्यार्थियों के लोकतांत्रिक अधिकारों की पुनर्स्थापना की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है।

### संगठन ने दी चेतावनी

संगठन ने चेतावनी दी कि यदि सरकार माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष दिए गए आश्वासन के अनुरूप समयबद्ध कार्रवाई नहीं करती अथवा प्रत्यक्ष चुनावों से पीछे हटने का प्रयास करती है, तो एनएसयूआई विद्यार्थियों के हितों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक माध्यमों से प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ने के लिए बाध्य होगी।एनएसयूआई ने राज्य सरकार से मांग की कि माननीय उच्च न्यायालय की भावना, लिंगदोह कमेटी की सिफारिशों एवं आदेश का सम्मान करते हुए बिना किसी विलंब के छात्रसंघ चुनाव की अधिसूचना, विस्तृत दिशा-निर्देश एवं चुनाव कार्यक्रम जारी किया जाए। साथ ही संगठन ने स्पष्ट किया कि छात्रसंघ चुनाव केवल औपचारिकता न बनें, बल्कि प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रणाली से संपन्न कराए जाएं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सचिन रजक, पूर्व अध्यक्ष विजय रजक,श्रीकांत विश्वकर्मा,सौरभ गौतम, रिजवान अली कोटी,बादल पंजवानी,करन तामसेतवार, नीलेश माहर,यश सोनी ,वेदांत श्रीवास्तव, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।